## सार-समाचार

### तलवार से वार करने वाले गिरफ्तार

**बांसवाड़ा**, (निसं)। विश्व आदिवासी दिवस पर राहगीर पर तलवार से वार करने वाले तीन बाईक सवारों को अरथूना थाना पुलिस ने गिरफ्तार कर दिया है। विश्व आदिवासी दिवस पर प्रार्थिया निवासी मोटी बस्सी ने रिपोर्ट दी कि उसका पुत्र मुकुल उपाध्याय पुत्र चन्द्रकांत उपाध्याय सायं 6 बजे आंजना विद्याधर लाईब्रेरी से पढ़ाई कर घर लौट रहा था कि मोटी बस्सी बस स्टेण्ड पर पहुंचने पर सामने से एक मोटर साईकिल पर तीन अज्ञात बदमाश आये जिनमें से एक के हाथ में तलवार थे। गलत दिशा से आते हुए इन लोगों ने पुत्र के पांव पर तलवार से वार किया। आस-पास के लोगों ने अज्ञात बदमाशों को रोकने का प्रयास किया लेकिन वे भाग निकले। पुलिस ने मामला दर्ज कर लिया। मामले की गंभीरता को देखते हुए जिला पुलिस अधीक्षक सुधीर जोशी के निर्देशानुसार एएसपी डॉ. राजेश भारद्वाज व गढ़ी वृताधिकारी सुदर्शन पालीवाल के निकट सुपरविजन में थानाधिकारी प्रकाशचन्द्र मीणा मय जाप्ते की टीमों का गठन किया गया। इन टीमों ने मुखबीरी तंत्र एवं तकनीकि साधनों से सीसीटीवी फुटेजों को खंगालते हुए शातिर बदमाश हरीश पुत्र गोपाल डामोर, धनपाल पुत्र गोपाल डामोर व भरत पुत्र अजब डामोर निवासी डाबरापाड़ा कुंवालिया को गिरफ्तार करते हुए मोटर साईकिल व तलवार की बरामदगी के लिये पूछताछ शुरू की।

### मारपीट को लेकर की शिकायत

**भीम**। उपखंड मुख्यालय स्थित नंदावट में संचालित स्वामी विवेकानन्द राजकीय मॉडल स्कूल भीम के शिक्षक द्वारा विद्यार्थियों के साथ मारपीट करने को लेकर अभिभावकों ने खण्ड मुख्य शिक्षा अधिकारी भीम को लिखित शिकायत दी है।गोपाल सिंह पुत्र देवी सिंह जाति रावत निवासी टोगी तहसील भीम जिला राजसमन्द प्रार्थी ने पुलिस थाना एवं सीबीईओ कार्यालय में शिकायत कर बताया कि उसकी पुत्री भूमिका कुमारी कक्षा 10 एवं पुत्र माहिरसिंह कक्षा 1 में अध्ययनरत है। विद्यालय के शिक्षकों ने मेरे पुत्र माहिर सिंह के साथ एवं मेरी पुत्री भूमिका के साथ बुरी तरह मारपीट की थी। जिससे मेरी पुत्री भूमिका इन्जर्ड हो गयी एवं आँख से ऊपर की और सिर में तीन टाँके आए। विद्यालय में शिक्षको द्वारा आए दिन नन्हे मुन्हे बच्चो के साथ हिंसा जैसा गम्भीर अपराध किया जा रहा है। स्थानीय विद्यालय के प्रधानाचार्य मूलचंद रायका ने बताया कि समस्त शिक्षकों को पाबंद करते हुए बच्चों के साथ मारपीट एवं शारीरिक एवं मानसिक रूप से प्रताड़ित नहीं करने को निर्देशित किया है। अतिरिक्त मुख्य ब्लॉक शिक्षा अधिकारी मिट्ठूसिंह ने बताया कि स्वामी विवेकानंद राजकीय मॉडल स्कूल भीम के शिक्षकों द्वारा बच्चों के साथ मारपीट करने की अभिभावकों का शिकायत पत्र मिला है जिस पर राजकीय उच्च माध्यमिक विद्यालय बगड़ के प्रिंसिपल राधे मौर्य एवं राजकीय उच्च माध्यमिक विद्यालय हामेला की वेर के प्रिंसिपल देवेंद्रपालसिंह आदि की टीम गठित कर जांच करवाई जा रही है ।जांच रिपोर्ट आने पर उच्च अधिकारियों को प्रेषित की जाएगी।

### 14.5 किलो प्लास्टिक कैरी बैग जब्त

**डूंगरपुर**। नगर परिषद डूंगरपुर की ओर से प्लास्टिक कैरी बैग के उपयोग पर रोक लगाने के लिए शहर में अभियान चलाते हुए करीब 14.5 किलो थैली को जब्त करते हुए 2400 रुपए का जुर्माना लगाया। सभापति अमृत कलासुआ ने कहा कि स्वच्छता में अग्रणी रहने वाले डूंगरपुर शहर में प्लास्टिक कैरी बैग प्रकृति को नुकसान पहुंचाती है। इसके साथ ही प्रदूषण फैलने से स्वास्थ्य को नुकसान होता। उन्होंने शहरवासियों को प्लास्टिक थैली के उपयोग नहीं करने का आव्हान किया। नगर परिषद के प्लास्टिक थैली के खिलाफ चल रहे अभियान में तेजी लाएगी। प्रकाश डूडी ने बताया कि नगर परिषद की टीम के मांगीलाल जमादार, राकेश जमादार, सुभाष भोई, दिनेश और ललित के मार्गदर्शन में अलग-अलग टीमें बनाई। जिसमें पुराने शहर में व्यापारियों के दूकानों को सर्च करते हुए प्लास्टिक थैली को जब्त किया। टीम ने कुल 14.5 किलो प्लास्टिक थैली को जब्त किया। वही इन व्यापारियों पर 2400 रुपए का जुर्माना भी वसूला। आयुक्त ने शहर के सभी व्यापारी और फुटकर व्यापारियों से अपील की है कि प्लास्टिक की थैली का पूर्ण रूप से उपयोग नहीं करे। वही शहरवासियों को कपडे की थैली का उपयोग करने का आव्हान किया।

### अखंड भारत दिवस मनाया

**मंडफिया**। श्री सांवलिया जी विश्व हिंदू परिषद व बजरंग दल प्रखंड की ओर से अखंड भारत दिवस मनाया गया। इस अवसर पर श्री सांवलिया सेठ के प्रवेश द्वार पर दीप प्रज्वलित कर एक सभा का आयोजन किया गया। जिसमें विश्व हिंदू परिषद जिला मंत्री भारत पालीवाल, जिला अध्यक्ष प्यारचंद सेन भादसोड़ा, जिला संपर्क प्रमुख कन्हैयालाल गर्ग मंडफिया, जिला उपाध्यक्ष संजय सेन मंडफिया, जिला सहसंयोजक बजरंग दल लक्ष्मण सोनी आदि वक्ताओं ने 14 अगस्त को अखंड भारत दिवस मनाए जाने की जानकारी देते हुए बताया कि हमें एकजुट होकर पुनः देश को अखंड बनाना है एवं भविष्य में आने वाली चुनौतियों का डटकर मुकाबला करना है। इस मौके पर गोपाल गुर्जर, राजू गाडरी, कन्हैयालाल, सत्तू, धीरज, राहुल, कुशल सहित बजरंग दल एवं विश्व हिंदू परिषद के स्थानीय कार्यकर्ता उपस्थित थे। कार्यक्रम के समापन के बाद जिला संपर्क प्रमुख कन्हैया लाल गर्ग ने कार्यकर्ताओं को भारत की अखंडता एवं एकता की शपथ दिलवाई।


### टावर लगाने का विरोध

**उदयपुर, (कासं)**। शहर के सविना क्षेत्र में एक मोबाइल टावर लगाने को लेकर क्षेत्रवासी विरोध में उतर गए हैं। लोगों ने कहा किआबादी क्षेत्र और स्कूल के पास रातोंरात टावर खड़ा कर दिया गयां कॉलोनीवासी सोमवार सुबह करीब 11 बजे कलेक्ट्री पहुंचे। सविना क्षेत्र में स्थित वर्धमान नगर विकास समिति के प्रतिनिधियों ने कलेक्टर को सौंपे ज्ञापन में बताया कि सविना क्षेत्र में सेक्टर 12 की यूआईटी कॉलोनी वर्धमान नगर में संचालित एक गार्डन में सौ फीट ऊंचा मोबाइल टावर लगा दिया गया।

### सांवलिया सेठ जी सेठ के दर्शन किए

**मंडफिया**। उज्जैन किन्नर अखाड़ा की महामण्डलेशवर डाक्टर पवित्रा नन्द गिरी जी महाराज ने भगवान श्री सांवलिया सेठ जी सेठ मंडफिया के दर्शन किए। पुजारी ने तुलसी व चरणामृत प्रदान किया। महामंडलेश्वर पवित्रा नंद गिरि जी महाराज का मंदिर कार्यालय में मन्दिर बोर्ड अध्यक्ष हजारी दास वैष्णव ने उपरना ओढ़ाकर भगवान का महाप्रसाद एवं तस्वीर भेंटकर स्वागत व सम्मान किया।

## भारत-जापान आर्ट एक्सचेंज प्रदर्शनी कैटलोग का विमोचन



भारत-जापान आर्ट एक्सचेंज प्रदर्शनी कैटलोग का विमोचन किया।

**उदयपुर, (कासं)**। भारत-जापान कला के आदान-प्रदान योजना के तहत 2024 में हुए पैसिफिक कॉलेज ऑफ फाइन आर्ट (पाहेर यूनीवर्सिटी और जौकी जूनियर कॉलेज, के.एस. यू. यूनिवर्सिटी फोकुआका जापान) के संकाय सदस्य, विद्यार्थीयों के द्वारा चित्रित चित्र व मूर्ति का आयोजन ग्लोबल प्लाजा यूनीवर्सिटी परिसर में चित्र-प्रदर्शनी के रूप में किया गया।

पैसिफिक कॉलेज ऑफ फाइन आर्ट के डायरेक्टर, भारत-जापान कला आदान-प्रदान योजना के प्रभारी प्रो. राजेश यादव ने बताया कि इस प्रदर्शनी में दोनों विश्वविद्यालय के 60 से ज्यादा विद्यार्थीयों व कला आचार्यों द्वारा निर्मित पेंटिंग्स एवं मूर्तियों को प्रदर्शित किया गया। इस योजना की स्मारिका स्वरूप के.एस.यू. यूनिवर्सिटी जापान के क्कष्टस्न्न जौकी नाम से अंतर्राष्ट्रीय कैटलोग प्रिंट किया गया जिसका विमोचन सोमवार को पैसिफिक यूनीवर्सिटी के ग्रुप प्रेसीडेंट प्रो. बीपी शर्मा और पाहेर युनीवर्सिटी के प्रेसीडेंट प्रो. हेमन्त कोठारी और विशिष्ट अतिथि, चित्रकार डॉ. बसंत कश्यप, डॉ.पी.जी. आमेटा और समस्त विश्वविद्यालय के डीन-डायरेक्टर्स तथा विद्यार्थियों की उपस्थिति में विमोचन किया गया।

इस अवसर पर प्रो. यादव ने बताया कि पैसिफिक कला महाविद्यालय पिछले तीन वर्षो से लगभग 6 देशों के साथ अपनी अतिथि कलाकार और कला आदान-प्रदान योजना जैसे कार्यक्रम कर चुका है। जिसमें आगामी कार्यक्रम साउथ कोरिया, इंडोनेशिया, श्रीलंका, नेपाल और मॉरीशस के विवि शामिल है।

# पीड़ितों की सेवा ईश्वर की सेवा के समान : कटारिया



एम्बुलेंस का लोकार्पण करते पंजाब के राज्यपाल गुलाबचंद कटारिया व अन्य।

**उदयपुर, (कासं)**। पंजाब के राज्यपाल एवं चण्डीगढ़ के प्रशासक श्री गुलाबचंद कटारिया ने कहा कि पीड़ित मानवता की सेवा ईश्वर की सेवा के समान है। उनका आशीर्वाद ईश्वर के प्रसाद स्वरूप है। इसलिए पीड़ितों की सेवा के लिए हमेशा तत्पर रहना चाहिए। कटारिया सोमवार को सुंदरसिंह भण्डारी राजकीय चिकित्सालय अंबामाता में सीएसआर के तहत टेक फायरफ्लाई प्राइवेट लिमिटेड के सौजन्य से प्रदान की गई एम्बुलेंस के

- **कटारिया ने कहा कि मेवाड़ भामाशाह की धरती है यहां आज भी ऐसे कई दानदाता है, जो पीड़ितों की सेवा के लिए तत्पर रहते हैं**

लोकार्पण समारोह को संबोधित कर रहे थे। कार्यक्रम की अध्यक्षता पूर्व विधायकत्रिलोक पूर्बिया ने की। विशिष्ट अतिथि आरएनटी मेडिकल कॉलेज के प्राचार्य डॉ विपिन माथुर, विक्रम पूर्बिया, अतुल चण्डालिया व राजेश वैष्णव रहे।

कटारिया ने कहा कि मेवाड़ भामाशाह की धरती है। यहां आज भी ऐसे कई दानदाता है, जो पीड़ितों की सेवा के लिए तत्पर रहते हैं। कटारिया ने कहा कि अंबामाता अस्पताल के विकास एवं सुविधाओं के विस्तार के लिएपूर्व में कई काम किए गए। हाल ही राज्य सरकार ने भी इसके लिए बजट स्वीकृत किया है। इसके अलावा कई भामाशाह भी अस्पताल में सुविधाओं के विस्तार के लिए सहयोग कर रहे हैं। उन्होंने आरएनटी प्राचार्य डॉ माथुर से अस्पताल में आने वाले मरीजों व परिजनों को संबंधित कक्ष आदि के बारे में जानकारी देने और उन्हें वहां तक पहुंचाने में मदद के लिए स्काउट-गाइड, एनसीसी स्वयंसेवक आदि का सहयोग लेने का सुझाव दिया।

प्रारंभ में अस्पताल अधीक्षक डॉ राहुल जैन सहित अन्य ने अतिथियों का स्वागत किया। डॉ जैन ने अस्पताल में उपलब्ध सुविधाओं तथा भावी योजनाओं की जानकारीं देते हुए अवगत कराया। उन्होंने बताया कि एम्बुलेंस उपलब्ध होने से गंभीर रोगियों को महाराणा भूपाल राजकीय चिकित्सालय, उदयपुर में रेफर करने में आसानी होगी। मेडिकल कॉलेज से स्त्री एवं प्रसूति रोग, शिशु रोग एवं एनेस्थिसिया विभाग की यूनिट इस चिकित्सालय में कायशील होने से आउटडोर, भर्ती रोगियों की संख्या में वृद्धि हुई है, आउटडोर लगभग 1000 रोगी प्रतिदिन हो गया है व ऑपरेशन थियेटर 24 घंटे आपातकालीन परिस्थितियों में ईलाज देने हेतु क्रियाशील रहता है। चिकित्सालय में आने वाले रोगियों को तुरन्त इलाज व साफ-सफाई पर विशेष ध्यान दिया जा रहा है। उन्होंने बताया कि विधायक ताराचन्द जैन द्वारा चिकित्सालय के उन्नयन हेतु प्रस्ताव राज्य सरकार को भेजा था जिसे बजट घोषणा में सम्मिलित करते हुए आधुनिक उपकरण हेतु 3.5 करोड़ रूपए व सिविल कार्य के लिए 1.5 करोड़ रूपए स्वीकृत हुए हैं। साथ ही उन्होंने अस्पताल के सामने सामाजिक न्याय एवं अधिकारिता विभाग के खाली पड़े भवन को अस्पताल को आवंटित करानेका आग्रह किया, ताकि अस्पताल में सुविधाओं का विस्तार किया जा सके। कटारिया ने प्रशासनिक स्तर पर वार्ता करने का आश्वासन दिया। कार्यक्रम में क्षेत्र के पूर्व पार्षद शंकर चन्देल, दुर्गेश शर्मा, दीपक बोल्यिा, नरेन्द्र पूर्बिया व एम्बुलेंस के दानदाता विक्रम पूर्बिया की माता सुशीला पूर्बिया एवं पिता धर्मराज पूर्बिया सहित अस्पताल स्टाफ एवं आमजन उपस्थित थे।

## आठ माह की बच्ची से दुष्कर्म का मामला: डबोक में उठा प्रदर्शन, पत्थरबाजी

- **आक्रोशित ग्रामीणों ने विरोध में पत्थरबाजी की, चार पुलिसकर्मी घायल**
- **सात सरकारी एवं दो निजी वाहन क्षतिग्रस्त, 43 उपद्रवियों को किया डिटेन**
- **पुलिस ने दुष्कर्म के आरोपी को गिरफ्तार कर मामला शांत करवाया**

**उदयपुर**,। उदयपुर शहर के निकट स्थित डबोक कस्बे में आठ माह की बच्ची के साथ दुष्कर्म की घटना के बाद सोमवार सुबह ठाामीणों ने थाने का घेराव कर प्रदर्शन करते हुए पत्थरबाजी कर दी। पत्थरबाजी में चार पुलिसकर्मी घायल हुए है वहीं सात सरकारी व दो निजी वाहन में तोड़फोड़ की गई। काफी देर की समझाईश व आरोपी को गिरफ्तार करने के बाद ग्रामीण शांत हुए। फिलहाल कस्बे में शांति बहाल हो गई है। पुलिस ने मामले की गंभीरता को देखते हुए त्वरित कार्रवाई करते हुए दुष्कर्म के आरोपी मंदेसर डबोक निवासी रामलाल पुत्र दूदा गमेती को गिरफ्तार किया है।

पुलिस से प्राप्त जानकारी के अनुसार रविवार को जिले के डबोक कस्बे में रविवार रात में बदमाश ने बच्ची के साथ दुष्कर्म किया। सोमवार सवेरे इसकी सूचना फैलने पर ग्रामीणा एकत्रित हुए और आक्रोशित ग्रामीणों ने थाने का घैराव कर प्रदर्शन शुरू करते हुए पत्थरबाजी कर दी। सूचना मिलने पर थानाधिकारी ने मौके पर पहुंच कर उच्चाधिकारियों को घटना की जानकारी दी। इस पर अतिरिक्त पुलिस अधीक्षक अंजना सुखवाल ने घटना स्थल पहुंच कर हालात का जायजा लिया। इधर पुलिस उपाधीक्षक राजेन्द्रसिंह जैन, एसडीएम रमेश सिरवी के नेतृत्व में भीण्डर थानाधिकारी पूनाराम, मावली थानाधिकारी अशोक कुमार, फतहनगर थानाधिकारी चन्द्रशेखर किलानीया, झाड़ोल थानाधिकारी फैलीराम मय जाप्ता के मौके पर पहुंचे।जहां उपद्रवियों से एवं पीडित परिवार से बातचीत कर समझाईश शुरू की। इस दौरान उपद्रवियों ने मुआवजा दिलाने, आरोपी को गिरफ्तार करने की मांग करते हुए पत्थरबाजी कर विरोध जारी रखा तथा पीडिता के चिकित्सालय में उपचार के दौरान मौत की अफवाह फैला दी। ठाामीणों द्वारा सरकारी गाड़ियों पर की गई तोड़फोड़ व पत्थरबाजी पर सख्ती बरतते हुए 43 उपद्रवियों को अलग से डिटेन किया। उपद्रवियों द्वारा की गई पत्थरबाजी से चार पुलिसकर्मी घायल हुए है जिनका मेडिकल कराया है तथा सात सरकारी वाहन तथा दो निजी वाहन क्षतिग्रस्त हुए है।

## जैन मंदिरों के शुद्धिकरण का हुआ आयोजन

**डूंगरपुर**। जैन श्वेताम्बर मूर्तिपूजक संघ द्वारा रविवार को जैन मंदिर शुद्धिकरण कार्यक्रम का आयोजन किया गया। इस अवसर पर घाटी स्थित श्री गंभीरा पार्श्वनाथ जिनालय, महावीर स्वामी तथा ओटा स्थित नेमिनाथ मंदिर में श्री गंभीरा पार्श्वनाथ संघ के तत्वाधान में शुद्धिकरण कार्यक्रम प्रातः से शुरू होकर दोपहर तक चलता रहा इस दौरान गर्भ गृह से लगा कर प्रवेश तक समाज जनों ने शुद्धिकरण किया। आगामी 20 अगस्त से शुरू होने वाले आठ दिवसीय पर्युषण महापर्व की तैयारियां को लेकर मंदिर शुद्धिकरण कर मंदिर की सजावट की गई। वही आठ दिन तक होने वाले धार्मिक कार्यक्रम को लेकर तैयारियां का अन्तिम रुप दिया गया। बनकोड़ा, पुनाली, बड़ौदा, पूंजपुर, काब्जा, आसपुर सहित वागड़ क्षेत्र के विभिन्न संघों के द्वारा मंदिरों का शुद्धिकरण किया गया और महापर्व को लेकर अंतिम रूप दिया गया।

### प्रशिक्षण दिया

**राजसमन्द, (निसं)**। श्री द्वारकाधीश राजकीय कन्या महाविद्यालय में छात्राओं में आत्मरक्षा अभिवृद्धि एवं क्षमता विकास के लिए रानी लक्ष्मीबाई आत्मरक्षा प्रशिक्षण दिलवाया जा रहा है, जिससे कि वे न केवल अपनी बल्कि आवश्यकता होने पर परिवार एवं आसपास के परिवेश में भी परि स्थिति जन्य घटना में पीडितों की सहायता एवं रक्षा करें। प्राचार्य डॉ कुलदीप सिंह गहलोत ने बताया कि सभी छात्राओं को महाविद्यालय में स्वस्थ सुरक्षित एवं भय मुक्त वातावरण प्रदान करना और उनमें उनके आत्मविश्वास को प्रबल करना, वर्तमान समय की सबसे संवेदनशील मांग है।

## इकोज ऑफ टुमॉरो अभियान शुरू

**उदयपुर, (कासं)**। अंतर्राष्ट्रीय युवा दिवस पर, दुनिया की सबसे बड़ी इंटीग्रेटेड जिंक उत्पादक और शीर्ष पांच सिल्वर उत्पादकों में से एक, हिन्दुस्तान जिंक, अपने युवा कार्यबल के उत्साह, महत्वाकांक्षा और नए विचारों का सम्मान कर रहा है।

अपने 62 प्रतिशत कर्मचारियों की उम्र 35 वर्ष से कम होने के साथ, हिन्दुस्तान जिंक, मेटल और माइनिंग इंडस्ट्री में चली आ रही पुरानी सोच को बदल रहा है। यह दर्शाता है कि धातु उद्योग का भविष्य टेक्नोलॉजी, सस्टेनेबिलिटी और दूरदर्शी युवा प्रतिभाओं में है। ये युवा कर्मचारी सिर्फ भविष्य के अग्रणी नहीं हैं, बल्कि आज के बदलाव लाने वाले हैं, जो विचारों को नया रूप दे रहे हैं, बदलाव ला रहे हैं, और उद्योग के भविष्य की झलक दिखा रहे हैं।

इस दिन को यादगार बनाने के लिए, हिन्दुस्तान जिंक ने इकोज ऑफ टुमॉरो अभियान की शुरुआत की है, जिसमें एक ब्रांड फिल्म दिखाई । यह फिल्म 12 अगस्त को लॉन्च होगी, और इसमें युवा कर्मचारियों के जुनून, उनकी प्रतिभा और उनके असर को दिखाया जाएगा। यह फिल्म दर्शाएगी कि कैसे यह जोशीला कार्यबल इनोवेशन को बढ़ावा दे रहा है, सस्टेनेबिलिटी को अपना रहा है और माइनिंग को एक तकनीकी-आधारित, भविष्य के लिए तैयार क्षेत्र में बदल रहा है। हिन्दुस्तान जिंक के युवा कर्मचारी इंजीनियरिंग, पर्यावरण, डिजिटलाइजेशन और ऑटोमेशन में बदलाव लाने में सबसे आगे हैं। एआई पावर्ड मिनरल एक्सप्लोरेशन मॉडल लगाने से लेकर सस्टेनेबिलिटी इनोवेशन को लागू करने तक, ये युवा माइनिंग को सुरक्षित, स्मार्ट और अधिक सस्टेनेबल बनाने में सबसे आगे हैं।

# जीवन में सफलता के साथ अच्छा इंसान बनना जरूरी : सारंगदेवोत

**उदयपुर** । राजस्थान विद्यापीठ विश्वविद्यालय के संघटक लोकमान्य तिलक शिक्षक प्रशिक्षण महाविद्यालय के अन्तर्गत संचालित बीए बीएड, बीएसी बीएड के नव आगन्तुक छात्राध्यापकों के लिए आयोजित दीक्षारंभ समारोह का शुभारंभ सोमवार को महाविद्यालय सभागार में कुलपति कर्नल प्रो. शिवसिंह सारंगदेवोत, प्रो. मुनेश चन्द्र त्रिवेदी, प्राचार्य प्रो. सरोज गर्ग, डॉ. अमी राठौड़, डा. बलिदान

- **नव आगंतुक छात्राध्यापकों का दीक्षारंभ समारोह का हुआ आयोजन**




दीक्षारंभ समारोह को संबोधित करते प्रो. शिवसिंह सारंगदेवोत।

जैन, डॉ. रचना राठौड़ ने मॉ सरस्वती की प्रतिमा के समक्ष दीप प्रज्जवलित कर किया।

अध्यक्षता करते हुए प्रो. सारंगदेवोत ने नवप्रवेशित छात्र अध्यापकों का आव्हान किया कि हर व्यक्ति सफल होना चाहता है, सफलता के साथ एक अच्छा इंसान बनना भी बेहतद जरूरी है। लक्ष्य निर्धारित, टाईम मैनेजमेंट, स्वयं के प्रति जिम्मेदार, आत्म अनुशासन के साथ जीवन में आगे बढ़ेगे तो जीवन में कभी असफल नहीं होंगे। जीवन में हमेशा सपने उंचे देखे और लक्ष्यों को छोटे छोटे टुकड़ों में बांट कर पूरा करने का प्रयास करें, लक्ष्य ही अगर छोटा होगा तो आप जीवने में कुछ नहीं कर सकते।

उन्होंने कहा कि असफलता ही सफलता की पहली सीढ़ी है। जीवन में जीतनी बडी रिस्क होगी, सफलता भी उतनी ही बड़ी मिलेगी और अवसर भी अधिक मिलेंगे। जीवन में आगे बढने के लिए शारीरिक, मानसिक, आध्यात्मिक विकास जरूरी है। प्रो. सारंगदेवोत ने शिक्षक प्रशिक्षण ले रहे नव आगन्तुक छात्राध्यापकों को राष्ट्र निर्माण में अहम भूमिका निभाने की प्रेरणा दी। मुख्य अतिथि प्रो. मुनेश चन्द्र त्रिवेदी ने कहा कि जीवन में सफलता का कोई शोर्ट कट नहीं होता। कनिठ परिश्रम ही सफलता की कुंजी है। आज का युवा नम्बरों के पिछे भाग रहा है जीवन का उद्देश्य क्या वह भी उसे मालूम नहीं है। इसलिए जीवन में व्यवहारिक ज्ञान भी नहीं है। नयी शिक्षा नीति में विद्यार्थियों के सर्वांगीण विकास पर ज्यादा ध्यान दिया गया है। उन्होंने कहा कि आज की शिक्षा को कला, इंजीनियरिंग एवं साईंस से जोड़ना होगा।

इस अवसर पर प्राचार्य डॉ. सरोज गर्ग ने कहा कि आज से विद्यार्थी, अभिभावक विश्वविद्यालय का हिस्सा है। युवा शक्ति राष्ट्र का भविष्य है। विधार्थियों को कदम से कदम मिलाकर चलना होगा। शिक्षा का कार्य केवल चार दिवारी तक ही सीमित नहीं हो कर वरन् समाज में भी अपनी महत्वपूर्ण भूमिका निभानी होती है। शिक्षा का कार्य एक पेशा नही है बल्कि पुनित कार्य है जो देश की भावी पीढी को तैयार करता है।

## सार-समाचार

### पेसिफिक विवि मनाएगा एंटी रैगिंग सप्ताह

**उदयपुर, (कासं)**। पेसिफिक एकेडमी ऑफ हायर एज्युकेशन एण्ड रिसर्च यूनिवर्सिटी, उदयपुर में 12 अगस्त से 18 अगस्त तक एंटी रैगिंग सप्ताह का आयोजन किया जा रहा है। सप्ताह के उद्घाटन समारोह में मुख्य अतिथि उदयपुर सिटी एडीशनल एसपी उमेश ओझा, पाहेर ठाुप के प्रेसिडेंट बी.पी. शर्मा, रजिस्ट्रार शरद कोठारी, विवि प्रेसिडेंट प्रो.हेमन्त कोठारी विशिष्ट अतिथि के रूप में मार्गदर्शन प्रदान करेंगे। प्रो.हेमन्त कोठारी के निर्देशन में यह सप्ताह रैगिंग के प्रति छात्रों को जागरूक करने एंव शिक्षण संस्थानों में सुरक्षित एंव सौहार्दपूर्ण वातावरण बनाये रखने के उद्देश्य से मनाया जा रहा है। कोठारी ने बताया कि इस सप्ताह के दौरान विविध गतिविधियाँ आयोजित की जायेगी जिसमें पोस्टर प्रतियोगिता, निबंध लेखन, विडियो प्रजेटेंशन एवं शपथ ग्रहण समारोह जैसी रचनात्मक एंव प्रेरणादायक पहल शामिल होगी। रैगिंग सप्ताह के आयोजन से नवआगन्तुक विद्यार्थियों में रैगिंग को लेकर डर समाप्त होगा। संयोजक व पेसिफिक कॉलेज ऑफ लॉ की प्रिंसिपल डॉ. पुष्पा मेहदो ने बताया कि विश्वविद्यालय के सभी विभागों को इन कार्यक्रममें सक्रिय सहभागिता हेतु निर्देशित किया गया है।

### ठगी करने वाले सात गिरफ्तार

**उदयपुर,( कासं )**। नाई थाना पुलिस ने कार्यवाही करते हुए नयाखेड़ा में होटल पर दबीश देकर ऑनलाईन गेमिंग जरिये ठगी करने वाले सात आरोपियों को गिरफ्तार कर इनके कब्जे से लेपटॉप सहित अन्य उपकरण व नकदी जब्त किए। जिला पुलिस अधीक्षक योगेश गोयल के निर्देश पर अतिरिक्त पुलिस अधीक्षक गोपाल स्वरूप मेवाड़ा, पुलिस उप अधीक्षक सूर्यवीरसिंह के सुपरविजन में नाई थानाधिकारी लीलाराम के नेतृत्व में गठित दल को नया खेड़ा स्थित होटल रोज वॉक हैरिटेज के कमरा नं. 302 में कुछ लोग ऑनलाईन गेमिंग जरिये लोगों को गेम खेला कर उनके साथ धोखाधड़ी कर रूपये एठने की सूचना मिली। इस पर पुलिस दल ने मौके पर पहुंचे जहां पर सात व्यक्ति राहुल नाम के व्यक्ति के साा षडयंत्र रच कर ऑनलाईन गेमिक के जरिये ठााहकों को खेल खेला कर फर्जी खाते व फर्जी सिम कार्ड से ऑनलाईन ठगी करते पाए गए। इस पर टीम ने मौके पर पहुंच कर सनी पुत्र कमलेश भाई निवासी गांधी बाग रोड़ महुवा भावनगर गुजरात, सुनिल रूहेला पुत्र सुरजमल निवासी भेरूपुरा रोड़ सीकर, आयुष पुत्र उमेश भाई निवासी कोमली जवाहर नगर बडोदरा गुजरात, विवेक पुत्र विजयभाई निवासी मेहनदरडा जूनागढ गुजरात, श्याम पुत्र महेश निवासी कोठारिया राजकोट गुजरात, दर्शित पुत्र संजय निवासी खेरड़ी राजकोट गुजरात तथा जयनम भालिया पुत्र रामजी निवासी महुआ भावनगर गुजरात को गिरफ्तार कर इनके कब्जे से ऑनलाईन ठगी में काम आने वाले चार लेपटॉप, 2 टेबलेट, 14 मोबाईल, 25 सिमकार्ड, 18 बैंक खाते की डिटेल, तीन लाख 45 हजार रूपये नकदी तथा अन्य इलेक्ट्रीक उपकरण मौके से जब्त किए। पुलिस आरोपियों से पूछताछ कर रही है।

### जीजीटीयू का दीक्षान्त समारोह आज

**बांसवाड़ा**, (निसं)। गोविन्द गुरु जनजातीय विश्वविद्यालय का षष्ठम दीक्षान्त समारोह आज मंगलवार सुबह 10 बजे माहीडेम रोड बड़वी स्थित माही भवन विश्वविद्यालय परिसर में राज्यपाल एवं कुलाधिपति गोविन्द गुरु जनजातीय विश्वविद्यालय हरिभाऊ बागडे के मुख्य आतिथ्य में होगा। समारोह में अतिरिक्त पुलिस महानिदेशक एसटीएस, एसओजी राजस्थान विजय कुमार सिंह दीक्षांत उद्बोधन देंगे। अध्यक्षता गोविन्द गुरु जनजातीय विश्वविद्यालय के कुलगुरु प्रो. केशव सिंह ठाकुर करेंगे। गोविन्द गुरु जनजातीय विश्वविद्यालय के कुलसचिव ने बताया कि अकादमिक शोभायात्रा के साथ सभागार में प्रवेश के साथ प्रारंभ होने के साथ समारोह की शुरूआत राष्ट्रगान एवं कुलगीत से होगी। कुलगुरु प्रो. केशव सिंह ठाकुर स्वागत उद्बोधन देंगे एवं विश्वविद्यालय का प्रगति प्रतिवेदन प्रस्तुत करेंगे।

### 285 अपराधी गिरफ्तार

**बांसवाड़ा**, (निसं)। वांछित अपराधियों की धरपकड़ के लिये जिला पुलिस की ओर से चलाये गये एक दिवसीय एरिया डोमिनेशन अभियान में पुलिस की 55 टीमों के 239 पुलिसकर्मियों ने 317 स्थानों को चिन्हित करते हुए दबिश देकर 285 अपराधियों को गिरफ्तार किया। जिला पुलिस अधीक्षक सुधीर जोशी ने बताया कि पुलिस मुख्यालय व महानिरीक्षक की ओर से वांछित अपराधियों की गिरफ्तारी एवं अवैध गतिविधियों की रोकथाम के लिये दिये गये निर्देशों की पालना में यह विशेष अभियान चलाया गया। पुलिस अधीक्षक के निर्देशन एवं एएसपी व समस्त वृताधिकारियों के सुपरविजन में यह कार्यवाही की गयी। जोशी ने बताया कि थाना कोतवाली में लूट की घटना में त्वरित कार्यवाही करते हुए घटना में सम्मिलित दो आरोपियों को गिरफ्तार करते हुए घटना में प्रयुक्त बुलेट मोटर साईकिल तथा लूट की राशि 2 लाख 92 हजार रूपये बरामद की। थाना भूंगड़ा में सार्वजनिक स्थान पर तेज गति टेम्पों में ध्वनि विस्तारक यंत्र बजाने पर यंत्र जब्त कर प्रकरण दर्ज किया। इसी तरह सामान्य एवं स्पेशल एक्ट में 10 प्रकरण दर्ज करते हुए 7 अपराधियों को गिरफ्तार किया गया। विशेष अभियान के दौरान 14 स्थाई वारंटियो, 138 एनआई एक्ट में 6, गिरफ्तारी वारंट में 35 एवं अन्य प्रकरणों में 27 आरोपियों को गिरफ्तार किया गया। इसी तरह 170 बीएनएसएस में 168 व्यक्तियों को शांति भंग के आरोप में गिरफ्तार किया गया वहीं संपत्ति संबंधी अपराधों में चालानशुदा 105 व्यक्तियों को डिटेन कर पूछताछ नोट तैयार किया।

### रेस्टोरेंट में चाकूबाजी, दो गिरफ्तार

**उदयपुर,( कासं )**। शहर के सुखेर थाना क्षैत्र भुवाणा स्थित रेस्टोरेंट में चाकू बाजी करने की वारदात का पुलिस ने खुलासा करते हुए दो आरोपियों को गिरफ्तार किया।प्रकरण के अनुसार पीडित मनोज गुप्ता पुत्र पुखराज गुप्ता निवासी लोटर अपार्टमेंट सुखेर ने पुलिस थाने में रिपोर्ट दी। कि सेलीब्रेशन मॉल के सामने आरडीएक्स नामक रेस्टोरेंट बार का संचालन करता हूं। 9 अगस्त रात में बार बंद कर बिलींग कर रहे था इसी दौरान वहां मौजूद ठााहकों में से तीन लडकों ने बीआर लाने की जीद की। इनकार करने पर काउंटर पर आकर मेरे पुत्र गोतम गुप्ता व बार कर्मचारी मनोज उर्फ मोनु और टीकम पर जान से मारने की नियत से चाकू से वार कर दिया। हल्ला होने पर तीनों वहां से फरार हो गए। हमला करने वालों में उदित औदिच्य,अरमान और गगनदीप हैं इस मामलेमें प्रकरण दर्ज होने पर अतिरिक्त पुलिस अधीक्षक उमेश ओझा, पुलिस उप अधीक्षक कैलाशचन्द्र के सुपरविजन में सुखेर थानाधिकारी रविन्द्र चारण के नेतृत्व हरिश सनाढ्य, सुनिल विश्नोई, खुमणसिंह मय टीम ने कार्यवाही करते हुए उदित औदिच्य पुत्र मुरलीधर औदिव्च्य निवासी रावजी का हाटा घंटाघर, गगनदीपसिंह पुत्र दर्शनसिंह निवासी मादड़ी प्रतापनगर को पूछताछ के बाद गिरफ्तार किया। जबकि अरदीन नामक बदमाश फरार है जिसकी तलाश जारी है। पुलिस आरोपियों से पूछताछ कर रही है।

### हरियालो राजस्थान के पौधे रोपे

**डूंगरपुर, (निसं)**। विधायक शंकरलाल डेचा और जिला कलक्टर अंकित सिंह के आव्हान पर हरियालो राजस्थान के तहत डूंगरपुर जिले के सागवाड़ा पंचायत समिति के ग्राम उदयपुरा माफी ग्राामं पंचायत गोवाडी में वृक्षारोपण महाभियान के तहत सोमवार को मोड़ मेवाड कलाल समाज द्वारा 250 पौधे लगाए गए।विधायक शंकर लाल डेचा, समाजसेवी अशोक पटेल राणोली ने कहा कि आज पर्यावरण को संरक्षित रखने और प्रकृति को बचाने की महत्ती आवश्यकता है और इस नेक काम में हम सब को अपना योगदान देना होगा। उन्होंने कहा कि पर्यावरण का संरक्षण आने वाली पीढ़ी के लिए बहुत जरूरी है।कार्यक्रम में समाजसेवी नानूराम कलाल, भौगीलाल कलाल, अमृतलाल कलाल, विकास अधिकारी भरत कलाल, तहसीलदार ऋचा डामोर,चंद्रवीर सिह चौहान, प्रदीप गामोठ सहित बड़ी संख्या में गणमान्य मौजूद रहें।

### लेटिन अमरीकी देशों का दल 12 को

**उदयपुर, (कासं)**। लेटिन अमरीकी देश ब्राजील, मेक्सिको, अर्जेंटिना, चिली, कोलंबिया, पेरू, पनामा, कोस्टा रिका, गुयाना, सुरीनाम, त्रिनीदाद और टोबैगो एवं जमैका के कंटेंट क्रिएटर्स एवं 2 समन्वय अधिकारियों का दल 12 अगस्त से उदयपुर प्रवास पर रहेगा। एडीएम प्रशासन दीपेंद्रसिंह राठौड़ ने बताया कि दल 12 अगस्त की शाम को उदयपुर पहुंचेगा। अगले दिन पिछोला, बाहुबली हिल्स, सहेलियों की बाड़ी, करणी माता आदि क्षेत्रों का भ्रमण करेगा। शाम 5.30 बजे बागौर की हवेली क्षेत्र में हेरीटेज वॉक करेंगे। अगले दिन कुंभलगढ के लिए प्रस्थान करेंगे।

### ट्रेन की टक्कर से युवक की मौत

**मावली, (निसं)**। थाना क्षेत्र के गोलवाड़ा गांव के पास दोपहर बड़ी सादड़ी से उदयपुर चलने वाली ट्रेन से कटने से युवक की मौके पर हुई मौत। जानकारी मिलने पर पुलिस ने मौके पर पहुंचकर लाश को मावली के उप जिला स्वास्थ्य केंद्र पर मोर्चरी में रखवाया। युवक की शिनाख्त होने पर पोस्टमार्टम कर शव परिजनों को सुपुर्द कर दिया जाएगा।